**Title:** Need to start a dialogue between the Nepal Government and the State Governments of Uttar Pradesh and Bihar regarding regulating the flow of the rivers coming down from Nepal to prevent flood in the plane areas of Uttar Pradesh, Bihar and West Bengal.

**श्री राजीव प्रताप रूडी :** उपाध्यक्ष जी, इस श्रावण के महीने में प्रत्येक वर्ष बाढ़ के संदर्भ में चर्चा उठती है और प्रत्येक वर्ष हम अपना महत्वपूर्ण समय लगाकर बाढ़ पर चर्चा करते हैं। मैं आज जिस तरफ आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं वह बिहार और पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश के वे इलाके हैं जो नेपाल से सटे हैं।

13.00 hrs.

जिन नदियों का प्रवाह नेपाल से होकर बिहार और उत्तर प्रदेश में होता है, विशेकर पहाड़ी इलाकों में पेड़ काटे जाने के कारण अवरोहण हो रहा है। पहाड़ों में बरसात होने पर जलधारा रेत के साथ प्रवाहित होकर बिहार, उत्तर प्रदेश में बड़ी तीव्रता के साथ प्रवेश करती है। इससे उत्तरप्रदेश और बिहार का बहुत बड़ा भूभाग बाढ़ से प्रभावित होता है। बिहार, उत्तर प्रदेश में बाढ़ की मार पर नियंत्रण करने के लिए उत्तर प्रदेश और बिहार सरकार के माध्यम से नेपाल सरकार से बातचीत की जाए तथा ऊपर से प्रवाहित होने वाली नदियों पर नियंत्रण करने के लिए कार्रवाई की जाए।